ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

# नगर निगम, शाहजहाँपुर।
## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 03.08.2021

स्वच्छता को अपनाना है,
नगर को कचरा मुक्त बनाना है

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 03.08.2021 को नगर निगम कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ की गई समीक्षा बैठक।

- कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर आज दिनांक 03.08.2021 को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।

1. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा आज दिनांक 03.08.2021 को नगर निगम कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, स्वास्थ्य विभाग से नगर स्वास्थ्य अधिकरी डॉ0 वीरेद्र कुमार वर्मा, सहायक अभियंता निर्माण विपुल कुमार, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार, हरवंश कुमार दीक्षित, राजमंगल सिंह, चन्द्रवीर सिंह सागर, सुनील कुमार शाक्य एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सैफ सिद्दकी द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक में नगर आयुक्त महोदय द्वारा स्वास्थ्य विभाग से सम्बन्धित नगर में कराये जा रहें डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन आदि के बारे में जानकारी ली गई। जिसमें बैठक में उपस्थित समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों द्वारा अवगत कराया गया कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित रुप से डोर–टू–डोर कूड़ा कलेक्शन के कार्य को किया जाता है। बैठक में नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को अपने–अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन न्यूनतम एक बीट पर जाकर सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति चेक करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त जोनों में आउटसोर्स पर तैनात सफाई कर्मचारियों के कार्य एवं उपस्थिति चेक करने व अनुपस्थित अथवा कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों को तत्काल सेवा प्रदाता संस्था से बदलवा दिये जाने हेतु समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही नगर निगम द्वारा नगर में डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण के कार्य के लिये समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे अपने–अपने क्षेत्र में स्थित प्रत्येक मोहल्लें का नजरी नक्शा तैयार कर दो दिवस में उपलब्ध कराये जाने व वर्तमान में जो वाहन घरों से कूड़ा संग्रहण करने हेतु लगाये गये है उनको कार्य योजना के अनुसार समाहित करने के निर्देश दिये गये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे क्षेत्र में तैनात ई–रिक्शा चालकों को निर्देशित करें कि वे कूड़ा संग्रहण के साथ–साथ भवन स्वामियों से यूजर चार्जेज का संग्रहण भी करें। इसके साथ ही नगर आयुक्त महोदय द्वारा इन्दिरा नगर कालोनी में संचालित पायलेट प्रोजेक्ट के आधार पर समस्त क्षेत्र में व्यवस्था लागू किये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया।

2. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के संक्रमण को नगर में जड़ से मिटाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया किया है। जिसके क्रम में आज दिनांक 03.08.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कालोनी, निरीक्षण भवन, दुर्घटना न्यायालय, एमनजई जलालनगर, तारीन जलालगनर, आवास विकास कॉलोनी में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा रंगीन चौपाल व आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा कच्चा कटरा, जनता इण्टर कॉलेज, सिंजई, महमंद जंगला, अलीजई एवं आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा जिला अस्पताल, अजीजगंज रैन बसेरा, मोक्षधाम, गॉधी पार्क एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा आदर्शनगर कॉलोनी, चर्च कॉलोनी, कोतवाली रोजा, अहमदपुर निवाजपुर, हाण्डा कॉलोनी में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान आज दिनांक 03.08.2021 को लगभग 3510 स्थलों तथा 650 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हॉस्पिटल, स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनुमतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।